जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र.जीविवि/परीक्षा-2/गोप./2018/355 दिनांकः 10.04.2018

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- स्नातक - बी.ए./बी.कॉम./बी.एस-सी./बी.एस-सी. (होम साइंस) प्रथम वर्ष (सत्र 2017-18 से प्रभावी) परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2018 हेतु आन्तरिक मूल्यांकन के परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट किये जाने बाबत्।

महोदय,

जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक - बी.ए./बी.कॉम./बी.एस-सी./बी.एस-सी. (होम साइंस) प्रथम वर्ष (सत्र 2017-18 से प्रभावी) परीक्षा मार्च-अप्रैल, 2018 के आंतरिक मूल्यांकन के अंक आर्नलाइन अपडेट करने के लिए अंतिम तिथि दिनांक 15.04.2018 है। अतः सभी महाविद्यालयों से अनुरोध है कि तय समय सीमा में अपने सभी छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन अंक ऑनलाइन अपडेट कर हार्ड प्रति विश्वविद्यालय की ओर भेजे। निर्धारित दिनांक के पश्चात किसी भी महाविद्यालय के आंतरिक मूल्यांकन अंक किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किये जावेंगे जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा। जिन छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन अंक ऑन लाइन अपडेट नहीं किये जावेंगे ऐसे विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किए जायेंगे ऐसी स्थिति में विद्यार्थी परीक्षा देने से वंचित रह सकता है जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित का होगा। अतः सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि परीक्षा कार्य में अपना सहयोग प्रदान करे एवं सभी विद्यार्थियों के आंतरिक मूल्यांकन अंक तय समय-सीमा में ऑनलाइन अपडेट करें।

सभी प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि कोई भी परीक्षार्थी आपके परीक्षा केन्द्र पर बिना प्रवेश पत्र के परीक्षा में सम्मिलित न हो तथा किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी दशा में परीक्षा में अण्डरटेकिंग के आधार पर परीक्षा में सम्मिलित न कराया जावे। यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा में अण्डरटेकिंग के आधार पर अथवा बिना प्रवेश पत्र के सम्मिलित कराया जाता है तो संबंधित महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र का प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी रहेंगे।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. समस्त प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, ग्वालियर।
2. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीविवि,ग्वालियर

उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)